वीयू –पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय, वेटरनरी क्लीनिकल स्किल्स को पाठ्यक्रम में सुदृढ़ीकरण एवं एकीकरण” विषय पर पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित

वेटरनरी कॉलेज जबलपुर में 22 से 26 मार्च 2026 तक ”वेटरनरी क्लीनिकल स्किल्स को पाठ्यक्रम में सुदृढ़ीकरण एवं एकीकरण” विषय पर पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण Brooke India के सहयोग से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का आयोजन माननीय कुलगुरु प्रो. (डॉ.) मंदीप शर्मा के आदेशानुसार एवं अधिष्ठाता डॉ. राजेश कुमार शर्मा के निर्देशन में किया गया। इस प्रशिक्षण के नोडल समन्वयक डॉ. अपरा शाही, डायरेक्टर क्लिनिक्स एवं डॉ. देवेंद्र कुमार गुप्ता रहे, जबकि कार्यक्रम की सदस्य सचिव डॉ. अमिता तिवारी थीं। प्रशिक्षण का उद्देश्य पशु चिकित्सा शिक्षा में क्लीनिकल स्किल्स लैब (CSL) की अवधारणा को सुदृढ़ करना तथा विद्यार्थियों को व्यावहारिक दक्षता आधारित प्रशिक्षण प्रदान करना था। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ डॉ. टिन्साए केबेड़े द्वारा मार्गदर्शन दिया गया।

पांच दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को क्लीनिकल स्किल्स लैब की संरचना, कौशल अधिग्रहण के सिद्धांत, Peyton’s Model, Johari Window, प्रभावी फीडबैक प्रणाली तथा विभिन्न क्लीनिकल स्किल स्टेशनों के विकास पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही प्रतिभागियों ने समूहों में कार्य करते हुए विभिन्न पशु चिकित्सा कौशलों के लिए मॉडल तैयार किए और उनका व्यावहारिक अभ्यास भी किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापकगण, सहायक प्राध्यापक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों सहित Brooke India के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस प्रतिभागियों द्वारा तैयार मॉडलों का प्रदर्शन किया गया तथा क्लीनिकल स्किल्स के मूल्यांकन की विभिन्न विधियों पर चर्चा की गई।

समापन सत्र में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा भविष्य में क्लीनिकल स्किल्स लैब के प्रभावी संचालन हेतु कार्ययोजना तैयार की गई। यह प्रशिक्षण पशु चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर